# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

## (तिथि 19 मार्च 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

**मुख्य समाचार :-**

1. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि स्थानीय उद्‌यमी, स्टार्टअप और नवप्रवर्तक भारत की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

2. केंद्र सरकार ने दो सप्ताह के भीतर लगभग एक लाख 25 हजार घरेलू और वाणिज्यिक कनेक्शन जारी किए।

3. आज हरियाणा और चंडीगढ़ में चैत्र नवरात्रों के पहले दिन माँ शैल पुत्री की पूजा की गई।

4. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने माता मनसा देवी मंदिर में माथा टेककर प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की।

5. हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए 22 जिलों में एनसीडी क्लिनिक खोले गए।

****************************************************************************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने  कहा है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्‌यम-एमएसएमई देश के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभर रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्‌यमी, स्टार्टअप और नवप्रवर्तक भारत की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

श्री राजनाथ सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कई एमएसएमई एआई, स्वचालन, रोबोटिक्स और अन्य उन्नत प्रौद्योगिकियों जैसे उभरते क्षेत्रों में

सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर 'इनोवेशन्स फॉर डिफेंस एक्सीलेंस' प्लेटफॉर्म के महत्व पर जोर दिया।

************************************************************************

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में एल पी जी, पीएनजी और परिवहन के लिए सीएनजी की शत-प्रतिशत  आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। पश्चिम एशिया में आर्थिक घटनाक्रमों पर आज नई दिल्ली में अंतर मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि दो सप्ताह के भीतर लगभग एक लाख 25 हजार घरेलू और वाणिज्यिक कनेक्शन जारी किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों में पांच हजार 6 सौ से अधिक उपभोक्ताओं ने पीएनजी कनेक्शन लिया है। वाणिज्यिक एलपीजी के बारे में उन्होंने बताया कि करीब 17 राज्य सरकारों द्वारा आवंटन आदेश जारी कर दिए गए हैं और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति की गई है। सुश्री शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों से पीएनजी नेटवर्क के विस्तार में सहयोग करने को कहा है और अतिरिक्त 10 प्रतिशत वाणिज्यिक एलपीजी उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा है। जमाखोरी और कालाबाजारी पर लगाम लगाने के बारे में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से कहा है कि वह अपनी आपत्ति दर्ज कराएं और यह सुनिश्चित करें कि गैर-कानूनी गतिविधियों पर रोक लगे। सुश्री शर्मा ने बताया कि एलपीजी को लेकर स्थिति चिंताजनक है लेकिन पूर्ण रूप से भंडार खत्म होने का कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग दर बढ़कर 94 प्रतिशत हो गई है और घबराहट में आकर बुकिंग करने की संख्या में गिरावट आई है।

************************************************************************

आज नवरात्र के पहले दिन माँ शैल पुत्री की पूजा की गई।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी के साथ चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन माता मनसा देवी मंदिर में माथा टेककर पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में पहुंचकर मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ में आहुति अर्पित की। इससे पूर्व उन्होंने मंदिर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।
मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को चैत्र नवरात्र और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा की नवरात्रे हमारी समृद्ध संस्कृति और संस्कारों का प्रतीक हैं।

एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि श्री माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड द्वारा माता मनसा देवी मंदिर, काली माता मंदिर, कालका और चंडी माता मंदिर में अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

************************************************************
**********

आज हरियाणा और चंडीगढ़ में चैत्र नवरात्रों के पहले दिन माता की पूजा की गई। लोगों ने मंदिरों में जा कर महामाई के आगे शीश नवाया और सबकी मंगल कामना की।
अंबाला जिले के विभिन्न मंदिरों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।अंबाला शहर स्थित माता अंबिका देवी मंदिर में भी लोगों में नवरात्र को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। फरीदाबाद के तिकोना पार्क स्थित महारानी वैष्णो देवी मंदिर में भी बड़े धूमधाम के साथ नवरात्रों का शुभारंभ हुआ। प्रातःकालीन पूजा-अर्चना एवं हवन-यज्ञ में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया।
जींद के एतिहासिक जयंती देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने मानतें मांगी और माँ की पूजा अर्चना की।
मंदिर के इतिहास को लेकर मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया -

****************************************************************
**********

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार हृदय संबंधी बीमारियों समेत गैर-संचारी रोगों यानि एनसीडी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम को राज्य के सभी 22 जिलों में लागू किया गया है।

उन्होंने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम के तहत सभी 22 जिलों में एनसीडी क्लिनिक स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, 170 उप-मंडल जिला अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा 292 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी एनसीडी क्लिनिक संचालित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की गैर-संचारी रोगों के लिए जांच की जा रही है। इस स्क्रीनिंग में मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर जैसी बीमारियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि  राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल पर 31 जनवरी  तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, राज्य में कुल 1 करोड़ 1 लाख 24 हजार 147 लोगों की जांच की जा चुकी है। इनमें से 8 लाख 62 हजार 764 उच्च रक्तचाप से पीड़ित व्यक्तियों का उपचार शुरू किया गया है ।

****************************************************************
**********

जल जीवन मिशन के अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फरीदाबाद द्वारा 8 मार्च से 22 मार्च तक आयोजित जल महोत्सव कार्यक्रम के तहत पंप ऑपरेटरों के लिए खंड स्तर पर विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अभियंता राहुल बेरवाल ने की।

जिला आई ई सी सलाहकार सत्यनारायण नेहरा ने बताया-

इस अवसर पर कि ऑपरेटरों को ट्यूबवेल के पानी की समय-समय पर जांच कराने और सरकार द्वारा उपलब्ध निःशुल्क जल परीक्षण सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**************************************************************************